दैनिक जागरण नई दिल्ली, 23 फरवरी 2014

# शिक्षा से देश की तरक्की : हुकुमदेव



ऑल यादव्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर पालम विहार में आयोजित समारोह को संबोधित करते सांसद ओमप्रकाश यादव।

- यादव वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से सम्मान समारोह आयोजित

जागरण संवाददाता, गुड़गांव : ऑल यादव वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से आम सभा एवं यादव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बुधवार को पालम विहार के नजदीक दिल्ली बोर्डर स्थित कायना पैलेस में आयोजित समारोह में देश भर से यादव समुदाय से आने वाले कई जनप्रतिनिधि एवं आला अधिकारी शामिल हुए।

बिहार के मधुबनी से लोकसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री हुकुमदेव नारायण यादव ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गीता में दिए गए उपदेशों की वर्तमान में सार्थकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज इस बात की आवश्यकता है कि यादव समाज एकजुट होकर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार की दृष्टि से अपने समाज के लिए यथासंभव योगदान दे। सबसे अधिक शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता है। शिक्षित समाज ही अपना व देश का भला कर सकता है। तमिलनाडु के लोकसभा सांसद केएस अलागिरी ने कहा कि यादव समाज के लोगों को राजनीतिक रूप से सशक्त बनने की जरूरत है। चाहे वह किसी भी पार्टी में हों, सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उत्तरप्रदेश के पूर्व सांसद डीपी यादव ने समाज में फिजूल खर्ची की परंपरा पर रोक लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यादव समाज के लोग दिखावे पर बहुत ज्यादा खर्च करते हैं। बिहार सीवान से लोकसभा सांसद ओम प्रकाश यादव ने समाज के अग्रणी लोगों से आह्वान किया कि रूढ़ीवादी परंपराओं से छुटकारा दिलाने का प्रयास हो। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उद्योगपति एचपी यादव ने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर बल दिया।

सभा को बिहार सीतामढ़ी से लोकसभा सांसद अर्जुन राय, राजस्थान के पूर्व सांसद डा. करण सिंह यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद हुकुमदेव नारायण सिंह यादव की धर्मपत्नी सुदेश यादव, रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल जेबीएस यादव, पर्वतारोही संतोष यादव, न्यायधीश एनएस राव, प्रो. कृष्णा यादव, द्रोणाचार्य कालेज ऑफ इंजीनियरिंग के चेयरमैन डा. सतीश यादव, श्रम उपायुक्त डा. अनुराधा लांबा, पुष्पांजलि हास्पिटल के एमडी डा. एसपी यादव, पूर्व श्रम अधिकारी बीएस यादव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

**धूमधाम से मनाया ऑक्सफोर्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव** : ,रेवाड़ी : जिले के गांव गढ़ी बोलनी स्थित आक्सफोर्ड इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव शनिवार को विद्यालय प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने समां बांधा।

नई दिल्ली, 23 फरवरी 2014 दैनिक जागरण

# सम्मान समारोह का आयोजन

**गुड़गांव** : ऑल यादव वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा पालम विहार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। आर्किटेक्ट विवेक सिंह राव, अलका लांबा, बलवीर सिंह यादव, उद्योगपति प्रवीण यादव, डा. मनबीत, जितेंद्र यादव सहित दो दर्जन प्रतिभाशालियों का सम्मान किया गया। समारोह में सांसद केएस अलागिरी, सांसद ओमप्रकाश यादव, सांसद अर्जुन राय, सांसद हुकमदेव नारायण, सांसद दिनेशचंद यादव, पूर्व सांसद डीपी यादव आदि उपस्थित थे।

पंजाब केसरी
दिल्ली

23 फरवरी, 2014
रविवार

# यादव समाज को एकजुट होने की जरूरत : हुकुमदेव

गुड़गांव, (यादराम,सतबीर): यादव समाज का अपेक्षित समग्र विकास आज़ादी के छह दशक बाद भी अवरूद्ध है और कई तरह की बाधाओं से जूझ रहा है। ऐसे में सरकारी तथा गैर सरकारी फोरम पर समाज के विकास के लिए आवश्यक रूप से प्रासंगिक मुद्दों को उठाना व उनके लिए रचनात्मक संघर्ष करना सामाजिक संस्था की जिम्मेदारी होती है।

यह जानकारी ऑल यादव्स वेलफैयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एचपी यादव ने दी। उन्होंने कहा कि इस सम्मान समारोह का उद्देश्य यादव समाज के उन लोगों को सम्मानित करना था जिनका समाज के उत्थान के लिए विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से सराहनीय योगदान रहा है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में संसद सदस्यों के अतिरिक्त यादव समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थिति थे उन्हें सम्मानित किया गया। सभी विशिष्ट अतिथि , अलग -अलग प्रदेशों से आए हुए गणमान्य व्यक्ति एवं सभा में मौजूद यादव समाज के सदस्यों का श्री यादव ने स्वागत किया। इस अवसर पर बिहार मधुबनी के लोकसभा सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री हुकुमदेव नारायण सिंह यादव ने संबोधित करते हुए यादव समाज के विकास के लिए बाधक बने विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला तथा भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गीता में दिये गये उपदेशों की वर्तमान में सार्थकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि आज इस बात की आवश्यकता है कि यादव समाज को एकजुट होकर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार की दृष्टि से अपने समाज के लिए यथासंभव योगदान करना चाहिये।

**यादव समाज के लोग दिखावे पर बहुत ज्यादा खर्च करते हैं जिसे रोकने की आवश्यकता है:डी.पी. यादव**

तमिलनाडु के लोकसभा सांसद के. एस. अलागिरी का कहना था कि यादव समाज के लोग बड़ी संख्या में दक्षिणी भारत में रहते हैं तथा जानकारी के आधार पर विभिन्न विषयों को लेकर उन्हें एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है। श्री अलागिरी के अनुसार यादव समाज के लोगों को हर राजनीतिक रूप से सशक्त बनने की जरूरत है। चाहे वह किसी भी पार्टी में हो सक्रिय भागीदारी करनी चाहिये।

उ.प्र. के पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री डी.पी. यादव ने समाज में फिजूल खर्ची करने की परंपरा पर रोक लगाने की मांग की। उनका कहना था कि यादव समाज के लोग दिखावे पर बहुत ज्यादा खर्च करते हैं जिसे रोकने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बैठकों में एजेन्डा बनाकर उस पर सकारात्मक रूप से कार्य करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने सदैव यादव समाज के लोगों को एकजुट होकर कार्य करने पर बल दिया है जिससे कि हमारे समाज की अलग पहचान बनायी जा सके। बिहार सीवान से लोकसभा सांसद ओम प्रकाश यादव ने बताया कि उनके क्षेत्र में यादव समाज के लोग आपस में एकजुट नहीं थे। अपनी राजनीतिक संघर्ष की गाथा सुनाते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि कठिन प्रयास के बाद समाज के लोगों को एकजुट किया गया। उसी का नतीजा है कि जहां से एक यादव प्रत्याशी विजयी हुआ और मो.सहाबुद्दीन जैसे बाहुबली नेता को पराजित करने में सफलता मिली।

बिहार सीतामढ़ी से लोकसभा सांसद अर्जुन राय ने अपने संबोधन में बताया कि उनके क्षेत्र में यादव समाज के लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है। लेकिन आपसी एकता का अभाव है। उन्होंने अपने क्षेत्र में यादवों को एकजुट करने का प्रयास किया है। उनका कहना था कि एक मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखते हैं तथा काफी संघर्ष के बाद विधायक, मंत्री एवं सांसद के पद तक पहुंचे हैं। सभा को सम्बोधित करते हुए राजस्थान के पूर्व सांसद डा. करण सिंह यादव ने यादव समाज के उत्थान के लिए सभी लोगों को एकजुट होकर आगे आने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सांसद हुकुमदेव नारायण सिंह यादव की धर्मपत्नी सुदेश यादव ने लोगों को संबोधित किया। उनका कहना था कि उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के अधिवक्ता के रूप में सदैव यादव समाज के महिलाओं का सहयोग किया है तथा उन्हें उचित न्याय दिलाने का प्रयास किया है। अवकाश प्राप्त ले.



*गुड़गांव में आल यादव्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में भाग लेते सांसद और अन्य। (छाया: यादराम )*

जनरल जे.बी.एस. यादव ने कहा कि हमें अपने यादव होने पर गर्व होना चाहिये तथा उन्होंने भी शादी ब्याह इत्यादि में फिजूल खर्ची न करने की सलाह दी सथा ही अधिक से अधिक शिक्षण संस्थान की स्थापना करने पर बल दिया।

आल यादव्स वेलफेयर एसोसिएशन के आमंत्रण पर वार्षिक समारोह में पहुंची विख्यात पर्वतारोही संतोश यादव ने उन्हें सम्मानित करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिस यादव समाज में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म लेना पड़ा उस समाज में जन्म लेने पर उन्हें बेहद गर्व है। शिक्षा और खेल की दुनिया में यादव समाज के बच्चों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सामाजिक विकास में विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से उल्लेखनीय योगदान देने के लिये न्यायधीश एन.एस. राव, प्रो. कृष्णा यादव, डा. सतीश यादव, चेयरमैन, द्रोणाचार्य ग्रुप आफ इस्टीट्यूशन, अंजनी स्टील के निदेशक गिरधारी यादव, सती राम यादव चेयरमैन, भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारी के.सी. यादव, दिल्ली पुलिस के उपायुक्त एल.एन. राव, गुड़गांव की उप श्रमायुक्त अनुराधा लाम्बा, वरिष्ठ चिकित्सक एवं पुष्पांजली अस्पताल के चेयरमैन डा. एस.पी. यादव, एम्स के वरिष्ठ चिकित्सक डा. एस.एल. यादव, चिकित्सा अध्यापन के लिये पुरस्कृत डा.अजय यादव, आर.पी. यादव, अजीत वीर यादव, रघुटेक इंजीनियरिंग के डायरेक्टर रघुबीर यादव, पांडियन इंजीनियरिंग कालेज तमिलनाडु के चेयरमैन एस.पी. वर्धराजन, पूर्व उपायुक्त राव अमर सिंह, पूर्व श्रम अधिकारी बी.एस. यादव के साथ कई वरिष्ठ व्यक्तियों को सभा में उपस्थित सांसदों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सम्मानित किया। विभिन्न क्षेत्रों मे उपलब्धि के लिए डा. एकता यादव, जल संरक्षण जागरूकता के लिए खुशी राम यादव, पूर्व संरपंच कार्टरपुरी यादराम यादव, राज यादव, दलीप सिंह यादव, राजकुमार यादव, डा. मन्दीप यादव, ब्रिगेडियर आर.के. यादव, डा. अनिल यादव, शैलेन्द्र यादव, रिदिमा यादव, नन्दिता यादव, सुरेश यादव, राव चर्तुभुज डेढ़ सौ से अधिक समाज सेवी, रचनाकार, डाक्टर, साहित्यकार,क्वि एवं अन्य क्षेत्रों के लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह में दिल्ली के बादली क्षेत्र के विधायक देवेन्द्र यादव भी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सहारा

नई दिल्ली। रविवार • 23 फरवरी • 2014

## सम्मान समारोह

**गुड़गांव।** ऑल यादव वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एचपी यादव ने कहा कि आजादी के बाद भी यादव समाज बाधाओं से जूझ रहा है। इस समाज को समग्र विकास की आवश्यकता है। यह बात उन्होंने शनिवार को वार्षिक आम सभा एवं यादव सम्मान समारोह 2014 के आयोजन अवसर पर कही।

अमर उजाला
नई दिल्ली। रविवार। 23 फरवरी 2014

# यादव समाज के 150 लोग सम्मानित

अमर उजाला ब्यूरो

गुड़गांव। ऑल यादव वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा एवं यादव सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। गुड़गांव-दिल्ली बॉर्डर स्थित एक होटल में आयोजित समारोह में बिरादरी के उत्थान में योगदान देने वाले करीब 150 लोग सम्मानित किए गए।

समारोह में बिहार के मधुबनी से लोकसभा सांसद हुकुमदेव नारायण सिंह यादव, उनकी धर्मपत्नी सुदेश यादव, सिवान से लोकसभा सांसद ओम प्रकाश यादव, सीतामढ़ी से लोकसभा सांसद अर्जुन राय, तमिलनाडु के लोकसभा सांसद केएस अलागिरी, उप्र के पूर्व मंत्री डीपी यादव, राजस्थान के पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह यादव, अवकाश प्राप्त ले. जनरल जेबीएस यादव ने समाज के उत्थान के लिए सभी लोगों को एकजुट होकर आगे आने का आह्वान किया।

इस दौरान एनएस राव, प्रो. कृष्णा यादव, संतोष यादव, डॉ. सतीश यादव, गिरधारी यादव, सती राम यादव, केसी यादव, एलएन राव, अनुराधा लांबा, डॉ. एसपी यादव, डॉ. एसएल यादव, डॉ. अजय यादव, आरपी यादव, अजीत वीर यादव, रघुबीर यादव, एसपी. वर्धराजन, पूर्व उपायुक्त राव अमर सिंह, पूर्व श्रम अधिकारी बीएस यादव के साथ कई वरिष्ठ व्यक्तियों को सभा में सम्मानित किया गया।

नेशनल दुनिया | रविवार • 23 फरवरी 2014

# यादव समाज को सशक्त बनाने की जरूरत : केएस अलागिरी

नेशनल दुनिया

**गुड़गांव**। तमिलनाडु के लोकसभा सांसद केएस अलागिरी ने कहा कि यादव समाज के लोग बड़ी संख्या में दक्षिणी भारत में रहते हैं तथा जानकारी के आधार पर विभिन्न विषयों को लेकर उन्हें एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है।

यादव समाज के लोगों को हर राजनीतिक रूप से सशक्त बनने की जरूरत है। यह बात ऑल यादव्स वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा एवं यादव सम्मान समारोह-2014 में कही। यहां अनेक यादव समाज के लोगों को सम्मानित किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष एचपी यादव ने कहा कि इस सम्मान समारोह का उद्देश्य यादव समाज के उन लोगों को सम्मानित करना है जिनका समाज के उत्थान में सराहनीय योगदान रहा है। यहां बिहार के मधुबनी से लोकसभा सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री हुकुमदेव नारायण सिंह यादव भी पहुंचे हुए थे।



यादव समाज के समारोह में मंचासीन अतिथि।

नई दिल्ली , रविवार, 23 फरवरी 2014 गुड़गांव-आसपास हरिभूमि


# यादव एसोसिएशन ने किया डेढ़ सौ लोगों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज. गुड़गांव

ऑल यादव्स वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा एवं यादव सम्मान समारोह 2014 धूमधाम से पालम विहार में संपन्न हुआ। जिसमें देश के चार

- देश के एक दर्जन राज्यों से आए यादव प्रतिनिधि

सांसद व यादव समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। भव्य समारोह के बीच समाज के 150 लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह में ऑल यादव्स वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एचपी यादव ने कहा कि यादव समाज का अपेक्षित समग्र विकास आज़ादी के छह दशक बाद भी अवरूद्ध है। समाज कई तरह की बाधाओं से जूझ रहा है।




गुड़गांव। आयोजित ऑल यादव्स वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा एवं यादव सम्मान समारोह 2014 में शामिल समाज के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

ऐसे में सरकारी तथा गैर सरकारी फोरम पर समाज के विकास के लिए आवश्यक रूप से प्रासंगिक मुद्दों को उठाना व उनके लिए रचनात्मक संघर्ष करना सामाजिक संस्था की जिम्मेदारी होती है। इन्हीं विषयों को लेकर यह कार्यक्रम किया गया है। इस सम्मान समारोह का उद्देश्य यादव समाज के उन लोगों को सम्मानित करना था जिनका समाज के उत्थान के लिए विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से सराहनीय योगदान रहा है। इस अवसर पर बिहार मधुबनी के लोकसभा सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री हुकुमदेव नारायण सिंह यादव ने यादव समाज के विकास के लिए बाधक बने विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला तथा भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गीता में दिये गये उपदेशों की वर्तमान में सार्थकता पर बल दिया। आज इस बात की आवश्यकता है कि यादव समाज को एकजुट होकर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार की दृष्टि से अपने समाज के लिए यथासंभव योगदान करना चाहिये। तमिलनाडु के लोकसभा सांसद केएस अलागिरी का कहना था कि यादव समाज के लोग बड़ी संख्या में दक्षिणी भारत में रहते हैं। विभिन्न विषयों को लेकर उन्हें एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है। यूपी से पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री डीपी यादव ने समाज में फिज़ूल खर्ची करने की परंपरा पर रोक लगाने की मांग की। उनका कहना था कि यादव समाज के लोग दिखावे पर बहुत ज्यादा खर्च करते हैं जिसे रोकने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विख्यात पर्वतारोही संतोष यादव ने उन्हें सम्मानित करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सामाजिक विकास में विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से उल्लेखनीय योगदान देने के लिये न्यायधीश एनएस राव, प्रो. कृष्णा यादव, डा. सतीश यादव, चेयरमैन, द्रोणाचार्य ग्रुप आफ इस्टीट्यूशन, अंजनी स्टील के निदेशक गिरधारी यादव, सती राम यादव चेयरमैन, बिट्टू टिक्की वाला, भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारी केसी यादव, दिल्ली पुलिस के उपायुक्त एलएन राव, गुड़गांव की उप श्रमायुक्त अनुराधा लांबा, वरिष्ठ चिकित्सक एवं पुष्पांजली अस्पताल के चेयरमैन डा. एसपी. यादव, एम्स के वरिष्ठ चिकित्सक डा. एसएल यादव आदि लोग मौजूद रहे।

ज्योति दर्पण
हिंदी दैनिक
रविवार 23 फरवरी, 2014
( गुड़गांव/एनसीआर )

## आल यादव्स एसोसिएशन ने किया डेढ़ सौ लोगों को सम्मानित

# चार सांसद व दर्जनों वरिष्ठ अधिकारी हुए वार्षिक बैठक में शामिल




गुड़गांव। यादव समाज का अपेक्षित समग्र विकास आज़ादी के छह दशक बाद भी अवरुद्ध है और कई तरह की बाधाओं से जूझ रहा है। ऐसे में सरकारी तथा गैर सरकारी फोरम पर समाज के विकास के लिए आवश्यक रूप से प्रासंगिक मुद्दों को उठाना व उनके लिए रचनात्मक संघर्ष करना सामाजिक संस्था की जिम्मेदारी होती है। इन्हीं विषयों को लेकर ऑल यादव्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 20 फरवरी 2014 को वार्षिक आम सभा एवं यादव सम्मान समारोह 2014 का आयोजन गुड़गांव दिल्ली बार्डर स्थित कायना पैलेस पालम विहार में किया गया। उपरोक्त जानकारी ऑल यादव्स वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एच पी यादव ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

श्री यादव के अनुसार इस सम्मान समारोह का उद्देश्य यादव समाज के उन लोगों को सम्मानित करना था जिनका समाज के उत्थान के लिए विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से सराहनीय योगदान रहा है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में संसद सदस्यों के अतिरिक्त यादव समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थिति थे उन्हें सम्मानित किया गया। सभी विशिष्ट अतिथि , अलग -अलग प्रदेशों से आए हुए गणमान्य व्यक्ति एवं सभा में मौजूद यादव समाज के सदस्यों का श्री यादव ने स्वागत किया। इस अवसर पर बिहार मधुबनी के लोकसभा सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री हुकुमदेव नारायण सिंह यादव ने संबोधित करते हुए यादव समाज के विकास के लिए बाधक बने विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला तथा भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गीता में दिये गये उपदेशों की वर्तमान में सार्थकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि आज इस बात की आवश्यकता है कि यादव समाज को एकजुट होकर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार की दृष्टि से अपने समाज के लिए यथासंभव योगदान करना चाहिये।

तमिलनाडु के लोकसभा सांसद के. एस. अलागिरी का कहना था कि यादव समाज के लोग बड़ी संख्या में दक्षिणी भारत में रहते हैं तथा जानकारी के आधार पर विभिन्न विषयों को लेकर उन्हें एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है। श्री अलागिरी के अनुसार यादव समाज के लोगों को हर राजनीतिक रूप से सशक्त बनने की जरूरत है। चाहे वह किसी भी पार्टी में हो सक्रिय भागीदारी करनी चाहिये। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि हमारे समाज के लोगों को उद्योग व व्यावसाय के क्षेत्र में स्वयं को स्थापित करना चाहिए जिससे इन उद्योगों में हमारे युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जा सके।

उ॰प्र॰ के पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री डी.पी. यादव ने समाज में फिज़ूल खर्ची करने की परंपरा पर रोक लगाने की मांग की। उनका कहना था कि यादव समाज के लोग दिखावे पर बहुत ज्यादा खर्च करते हैं जिसे रोकने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बैठकों में एजेन्डा बनाकर उस पर सकारात्मक रूप से कार्य करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने सदैव यादव समाज के लोगों को एकजुट होकर कार्य करने पर बल दिया है जिससे कि हमारे समाज की अलग पहचान बनायी जा सके। बिहार सीवान

शेष खबर पृष्ठ 9 पर.....

# अंतिम पृष्ठ का शेष -

## आल यादव्स एसोसिएशन ........

से लोकसभा सांसद ओम प्रकाश यादव ने बताया कि उनके क्षेत्र में यादव समाज के लोग आपस में एकजुट नहीं थे। अपनी राजनीतिक संघर्ष की गाथा सुनाते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि कठिन प्रयास के बाद समाज के लोगों को एकजुट किया गया। उसी का नतीजा है कि जहां से एक यादव प्रत्याशी विजयी हुआ और मो॰ सहाबुद्दीन जैसे बाहुबली नेता को पराजित करने में सफलता मिली। उन्होंने यादव समुदाय के लोगों में विवाह के लिए रूढ़िवादी परम्पराओं से छुटकारा दिलाने का आह्वान किया।

बिहार सीतामढ़ी से लोकसभा सांसद अर्जुन राय ने अपने संबोधन में बताया कि उनके क्षेत्र में यादव समाज के लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है। लेकिन आपसी एकता का अभाव है। उन्होंने अपने क्षेत्र में यादवों को एकजुट करने का प्रयास किया है। उनका कहना था कि एक मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखते हैं तथा काफी संघर्ष के बाद विधायक, मंत्री एवं सांसद के पद तक पहुँचे हैं। सभा को सम्बोधित करते हुए राजस्थान के पूर्व सांसद डा॰ करण सिंह यादव ने यादव समाज के उत्थान के लिए सभी लोगों को एकजुट होकर आगे आने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सांसद हुकुमदेव नारायण सिंह यादव की धर्मपत्नी सुदेश यादव ने लोगों को संबोधित किया। उनका कहना था कि उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के अधिवक्ता के रूप में सदैव यादव समाज के महिलाओं का सहयोग किया है तथा उन्हें उचित न्याय दिलाने का प्रयास किया है। अवकाश प्राप्त ले॰ जनरल जे.बी.एस. यादव ने कहा कि हमें अपने यादव होने पर गर्व होना चाहिये तथा उन्होंने भी शादी ब्याह इत्यादि में फिजूल खर्ची न करने की सलाह दी सथा ही अधिक से अधिक शिक्षण संस्थान की स्थापना करने पर बल दिया।

आल यादव्स वेलफेयर एसोसिएशन के आमंत्रण पर वार्षिक समारोह में पहुंची विख्यात पर्वतारोही संतोश यादव ने उन्हें सम्मानित करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिस यादव समाज में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म लेना पड़ा उस समाज में जन्म लेने पर उन्हें बेहद गर्व है। शिक्षा और खेल की दुनिया में यादव समाज के बच्चों को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए उनका कहना था कि हमें अपनी ताकत को पहचान कर उसके अनुरूप कदम उठाने की जरूरत है। इस अवसर पर सामाजिक विकास में विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से उल्लेखनीय योगदान देने के लिये न्यायधीश एन.एस. राव, प्रो॰ कृष्णा यादव, डा॰ सतीश यादव, चेयरमैन, द्रोणाचार्य ग्रुप आफ इस्टीट्यूशन, अंजनी स्टील के निदेशक गिरधारी यादव, सती राम यादव चेयरमैन, बिट्टू टिक्की वाला, भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारी के.सी. यादव, दिल्ली पुलिस के उपायुक्त एल.एन. राव, गुड़गांव की उप श्रमायुक्त अनुराधा लाम्बा, वरिष्ठ चिकित्सक एवं पुष्पांजली अस्पताल के चेयरमैन डा॰ एस.पी. यादव, एम्स के वरिष्ठ चिकित्सक डा॰ एस.एल. यादव, चिकित्सा अध्यापन के लिये पुरस्कृत डा॰ अजय यादव, आर.पी. यादव, वीर इण्डिया टाइम्स के सम्पादक अजीत वीर यादव, रघुटेक इंजिनियरिंग के डायरेक्टर रघुबीर यादव, पांडियन इंजिनियरिंग कालेज तमिलनाडु के चेयरमैन एस.पी. वर्धराजन, पूर्व उपायुक्त राव अमर सिंह, पूर्व श्रम अधिकारी बी.एस. यादव के साथ कई वरिष्ठ व्यक्तियों को सभा में उपस्थित सांसदों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सम्मानित किया। विभिन्न क्षेत्रों मे उपलब्धि के लिए डा. एकता यादव, जल संरक्षण जागरूकता के लिए खुशी राम यादव, पूर्व संरपंच कार्टरपुरी यादराम यादव, राज यादव, दलीप सिंह यादव, राजकुमार यादव, डा. मन्दीप यादव, ब्रिगेडियर आर.के. यादव, डा. अनिल यादव, शैलेन्द्र यादव, रिदिमा यादव, नन्दिता यादव, सुरेश यादव, राव चर्तुभुज डेढ़ सौ से अधिक समाज सेवी, रचनाकार, डाक्टर, साहित्यकार, कवि एवं अन्य क्षेत्रों के लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह में दिल्ली के बादली क्षेत्र के विधायक देवेन्द्र यादव भी उपस्थित थे।

# चार सांसद व दर्जनों वरिष्ठ अधिकारी हुए वार्षिक बैठक में शामिल

ह्यूमन इंडिया/उमेश गर्ग





गुड़गांव। यादव समाज का अपेक्षित समग्र विकास आज़ादी के छह दशक बाद भी अवरूद्ध है और कई तरह की बाधाओं से जूझ रहा है। ऐसे में सरकारी तथा गैर सरकारी फोरम पर समाज के विकास के लिए आवश्यक रूप से प्रासंगिक मुद्दों को उठाना, व उनके लिए रचनात्मक संघर्ष करना सामाजिक संस्था की ज़िम्मेदारी होती है। इन्हीं विषयों को लेकर ऑल यादव्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 20 फरवरी 2014 को वार्षिक आम सभा एवं यादव सम्मान समारोह 2014 का आयोजन गुड़गांव दिल्ली बार्डर स्थित कायना पैलेस पालम विहार में किया गया। उपरोक्त जानकारी ऑल यादव्स वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एच पी यादव ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। श्री यादव के अनुसार इस सम्मान समारोह का उद्देश्य यादव समाज के उन लोगों को सम्मानित करना था जिनका समाज के उत्थान के लिए विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से सराहनीय योगदान रहा है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में संसद सदस्यों के अतिरिक्त यादव समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थिति थे उन्हें सम्मानित किया गया। सभी विशिष्ट अतिथि , अलग -अलग प्रदेशों से आए हुए गणमान्य व्यक्ति एवं सभा में मौजूद यादव समाज के सदस्यों का श्री यादव ने स्वागत किया। इस अवसर पर बिहार मधुबनी के लोकसभा सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री हुकुमदेव नारायण सिंह यादव ने संबोधित करते हुए यादव समाज के विकास के लिए बाधक बने विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला तथा भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गीता में दिये गये उपदेशों की वर्तमान में सार्थकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि आज इस बात की आवश्यकता है कि यादव समाज को एकजुट होकर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार की दृष्टि से अपने समाज के लिए यथासंभव योगदान करना चाहिये। तमिलनाडु के लोकसभा सांसद के. एस. अलागिरी का कहना था कि यादव समाज के लोग बड़ी संख्या में दक्षिणी भारत में रहते हैं तथा जानकारी के आधार पर विभिन्न विषयों को लेकर उन्हें एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है। श्री अलागिरी के अनुसार यादव समाज के लोगों को हर राजनीतिक रूप से सशक्त बनने की जरूरत है। चाहे वह किसी भी पार्टी में हो सक्रिय भागीदारी करनी चाहिये। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि हमारे समाज के लोगों को उद्योग व व्यावसाय के क्षेत्र में स्वयं को स्थापित करना चाहिए जिससे इन उद्योगों में हमारे युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जा सके। उ०प्र० के पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री डी.पी. यादव ने समाज में फिजूल खर्ची करने की परंपरा पर रोक लगाने की मांग की। उनका कहना था कि यादव समाज के लोग दिखावे पर बहुत ज्यादा खर्च करते हैं जिसे रोकने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बैठकों में एजेन्डा बनाकर उस पर सकारात्मक रूप से कार्य करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने सदैव यादव समाज के लोगों को एकजुट होकर कार्य करने पर बल दिया है जिससे कि हमारे समाज की अलग पहचान बनायी जा सके। बिहार सीवान से लोकसभा सांसद ओम प्रकाश यादव ने बताया कि उनके क्षेत्र में यादव समाज के लोग आपस में एकजुट नहीं थे। अपनी राजनीतिक संघर्ष की गाथा सुनाते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि कठिन प्रयास के बाद समाज के लोगों को एकजुट किया गया। उसी का नतीजा है कि जहां से एक यादव प्रत्याशी विजयी हुआ और मो० सहाबुद्दीन जैसे बाहुबली नेता को पराजित करने में सफलता मिली। उन्होंने यादव समुदाय के लोगों में विवाह के लिए रूढ़िवादी परम्पराओं से छुटकारा दिलाने का आह्वान किया।

बिहार सीतामढ़ी से लोकसभा सांसद अर्जुन राय ने अपने संबोधन में बताया कि उनके क्षेत्र में यादव समाज के लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है। लेकिन आपसी एकता का अभाव है। उन्होंने अपने क्षेत्र में यादवों को एकजुट करने का प्रयास किया है। उनका कहना था कि एक मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखते हैं तथा काफी संघर्ष के बाद विधायक, मंत्री एवं सांसद के पद तक पहुँचे हैं। सभा को सम्बोधित करते हुए राजस्थान के पूर्व सांसद डा० करण सिंह यादव ने यादव समाज के उत्थान के लिए सभी लोगों को एकजुट होकर आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर सांसद हुकुमदेव नारायण सिंह यादव की धर्मपत्नी सुदेश यादव ने लोगों को संबोधित किया। उनका कहना था कि उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के अधिवक्ता के रूप में सदैव यादव समाज के महिलाओं का सहयोग किया है तथा उन्हें उचित न्याय दिलाने का प्रयास किया है। अवकाश प्राप्त ले० जनरल जे.बी.एस. यादव ने कहा कि हमें अपने यादव होने पर गर्व होना चाहिये तथा उन्होंने भी शादी ब्याह इत्यादि में फिजूल खर्ची न करने की सलाह दी सथा ही अधिक से अधिक शिक्षण संस्थान की स्थापना करने पर बल दिया। आल यादव्स वेलफेयर एसोसिएशन के आमंत्रण पर वार्षिक समारोह में पहुंची विख्यात पर्वतारोही संतोश यादव ने उन्हें सम्मानित करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिस यादव समाज में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म लेना पड़ा उस समाज में जन्म लेने पर उन्हें बेहद गर्व है। शिक्षा और खेल की दुनिया में यादव समाज के बच्चों को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए उनका कहना था कि हमें अपनी ताकत को पहचान कर उसके अनुरूप कदम उठाने की जरूरत है। इस अवसर पर सामाजिक विकास में विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से उल्लेखनीय योगदान देने के लिये न्यायधीश एन.एस. राव, प्रो० कृष्णा यादव, डा. सतीश यादव, चेयरमैन, द्रोणाचार्य ग्रुप आफ इस्टीट्यूशन, अंजनी स्टील के निदेशक गिरधारी यादव, सती राम यादव चेयरमैन, बिट्टू टिक्की वाला, भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारी के.सी. यादव, दिल्ली पुलिस के उपायुक्त एल.एन. राव, गुड़गांव की उप श्रमायुक्त अनुराधा लाम्बा, वरिष्ठ चिकित्सक एवं पुष्पांजली अस्पताल के चेयरमैन डा० एस.पी. यादव, एम्स के वरिष्ठ चिकित्सक डा० एस.एल. यादव, चिकित्सा अध्यापन के लिये पुरस्कृत डा० अजय यादव, आर.पी. यादव, वीर इण्डिया टाइम्स के सम्पादक अजीत वीर यादव, रघुटेक इंजिनियरिंग के डायरेक्टर रघुबीर यादव, पांडियन इंजिनियरिंग कालेज तमिलनाडु के चेयरमैन एस.पी. वर्धराजन, पूर्व उपायुक्त राव अमर सिंह, पूर्व श्रम अधिकारी बी.एस. यादव के साथ कई वरिष्ठ व्यक्तियों को सभा में उपस्थित सांसदों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सम्मानित किया। विभिन्न क्षेत्रों मे उपलब्धि के लिए डा. एकता यादव, जल संरक्षण जागरूकता के लिए खुशी राम यादव, पूर्व संरपंच कार्टरपुरी यादराम यादव, राज यादव, दलीप सिंह यादव, राजकुमार यादव, डा. मन्दीप यादव, ब्रिगेडियर आर.के. यादव, डा. अनिल यादव, शैलेन्द्र यादव, रिदिमा यादव, नन्दिता यादव, सुरेश यादव, राव चर्तुभुज डेढ़ सौ से अधिक समाज सेवी, रचनाकार, डाक्टर, साहित्यकार, कवि एवं अन्य क्षेत्रों के लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह में दिल्ली के बादली क्षेत्र के विधायक देवेन्द्र यादव भी उपस्थित थे।

# यादव समाज का समग्र विकास आज़ादी के छह दशक बाद भी अवरूद्ध : यादव






अंजना बंसल/गुड़गांव मेल

गुड़गांव, 22 फरवरी। यादव समाज का अपेक्षित समग्र विकास आज़ादी के छह दशक बाद भी अवरूद्ध है और कई तरह की बाधाओं से जूझ रहा है। ऐसे में सरकारी तथा गैर सरकारी फोरम पर समाज के विकास के लिए आवश्यक रूप से प्रासंगिक मुद्दों को उठाना व उनके लिए रचनात्मक संघर्ष करना सामाजिक संस्था की जिम्मेदारी होती है। यह जानकारी ऑल यादव्स वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एचपी यादव ने दी। उन्होंने कहा कि इस सम्मान समारोह का उद्देश्य यादव समाज के उन लोगों को सम्मानित करना था जिनका समाज के उत्थान के लिए विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से सराहनीय योगदान रहा है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में संसद सदस्यों के अतिरिक्त यादव समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थिति थे उन्हें सम्मानित किया गया। सभी विशिष्ट अतिथि, अलग-अलग प्रदेशों से आए हुए गणमान्य व्यक्ति एवं सभा में मौजूद यादव समाज के सदस्यों का श्री यादव ने स्वागत किया। इस अवसर पर बिहार मधुबनी के लोकसभा सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री हुकुमदेव नारायण सिंह यादव ने संबोधित करते हुए यादव समाज के विकास के लिए बाधक बने विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला तथा भगवान् श्रीकृष्ण द्वारा गीता में दिये गये उपदेशों की वर्तमान में सार्थकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि आज इस बात की आवश्यकता है कि यादव समाज को एकजुट होकर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार की दृष्टि से अपने समाज के लिए यथासंभव योगदान करना चाहिये।

तमिलनाडु के लोकसभा सांसद के. एस. अलागिरी का कहना था कि यादव समाज के लोग बड़ी संख्या में दक्षिणी भारत में रहते हैं तथा जानकारी के आधार पर विभिन्न विषयों को लेकर उन्हें एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है। श्री अलागिरी के अनुसार यादव समाज के लोगों को हर राजनीतिक रूप से सशक्त बनने की जरूरत है। चाहे वह किसी भी पार्टी में हो सक्रिय भागीदारी करनी चाहिये। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि हमारे समाज के लोगों को उद्योग व व्यावसाय के क्षेत्र में स्वयं को स्थापित करना चाहिए जिससे इन उद्योगों में हमारे युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जा सके। उ०प्र० के पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री डी.पी. यादव ने समाज में फिज़ूल खर्ची करने की परंपरा पर रोक लगाने की मांग की। उनका कहना था कि यादव समाज के लोग दिखावे पर बहुत ज्यादा खर्च करते हैं जिसे रोकने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बैठकों में एजेन्डा बनाकर उस पर सकारात्मक रूप से कार्य करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने सदैव यादव समाज के लोगों को एकजुट होकर कार्य करने पर बल दिया है जिससे कि हमारे समाज की अलग पहचान बनायी जा सके। बिहार सीवान से लोकसभा सांसद ओम प्रकाश यादव ने बताया कि उनके क्षेत्र में यादव समाज के लोग आपस में एकजुट नहीं थे। अपनी राजनीतिक संघर्ष की गाथा सुनाते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि कठिन प्रयास के बाद समांज के लोगों को एकजुट किया गया। उसी का नतीजा है कि जहां से एक यादव प्रत्याशी विजयी हुआ और मो० सहाबुद्दीन जैसे बाहुबली नेता को पराजित करने में सफलता मिली। उन्होंने यादव समुदाय के लोगों में विवाह के लिए रूढ़िवादी परम्पराओं से छुटकारा दिलाने का आह्वान किया।

बिहार सीतामढ़ी से लोकसभा सांसद अर्जुन राय ने अपने संबोधन में बताया कि उनके क्षेत्र में यादव समाज के लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है। लेकिन आपसी एकता का अभाव है। उन्होंने अपने क्षेत्र में यादवों को एकजुट करने का प्रयास किया है। उनका कहना था कि एक मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखते हैं तथा काफी संघर्ष के बाद विधायक, मंत्री एवं सांसद के पद तक पहुँचे हैं। सभा को सम्बोधित करते हुए राजस्थान के पूर्व सांसद डा० करण सिंह यादव ने यादव समाज के उत्थान के लिए सभी लोगों को एकजुट होकर आगे आने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सांसद हुकुमदेव नारायण सिंह यादव की धर्मपत्नी सुदेश यादव ने लोगों को संबोधित किया। उनका कहना था कि उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के अधिवक्ता के रूप में सदैव यादव समाज के महिलाओं का सहयोग किया है तथा उन्हें उचित न्याय दिलाने का प्रयास किया है। अवकाश प्राप्त ले० जनरल जे.बी.एस. यादव ने कहा कि हमें अपने यादव होने पर गर्व होना चाहिये तथा उन्होंने भी शादी ब्याह इत्यादि में फिज़ूल खर्ची न करने की सलाह दी सथा ही अधिक से अधिक शिक्षण संस्थान की स्थापना करने पर बल दिया।

आल यादव्स वेलफेयर एसोसिएशन के आमंत्रण पर वार्षिक समारोह में पहुंची विख्यात पर्वतारोही संतोश यादव ने उन्हें सम्मानित करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिस यादव समाज में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म लेना पड़ा उस समाज में जन्म लेने पर उन्हें बेहद गर्व है। शिक्षा और खेल की दुनिया में यादव समाज के बच्चों को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए उनका कहना था कि हमें अपनी ताकत को पहचान कर उसके अनुरूप कदम उठाने की जरूरत है।

इस अवसर पर सामाजिक विकास में विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से उल्लेखनीय योगदान देने के लिये न्यायधीश एन.एस. राव, प्रो० कृष्णा यादव, डा० सतीश यादव, चेयरमैन, द्रोणाचार्य ग्रुप आफ इस्टीट्यूशन, अंजनी स्टील के निदेशक गिरधारी यादव, सती राम यादव चेयरमैन, बिट्टू टिक्की वाला, भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारी के.सी. यादव, दिल्ली पुलिस के उपायुक्त एल.एन. राव, गुड़गांव की उप श्रमायुक्त अनुराधा लाम्बा, वरिष्ठ चिकित्सक एवं पुष्पांजली अस्पताल के चेयरमैन डा० एस.पी. यादव, एम्स के वरिष्ठ चिकित्सक डा० एस.एल. यादव, चिकित्सा अध्यापन के लिये पुरस्कृत डा० अजय यादव, आर.पी. यादव, वीर इण्डिया टाइम्स के सम्पादक अजीत वीर यादव, रघुटेक इंजिनियरिंग के डायरेक्टर रघुबीर यादव, पांडियन इंजिनियरिंग कालेज तमिलनाडु के चेयरमैन एस.पी. वर्धराजन, पूर्व उपायुक्त राव अमर सिंह, पूर्व श्रम अधिकारी बी.एस. यादव के साथ कई वरिष्ठ व्यक्तियों को सभा में उपस्थित सांसदों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सम्मानित किया। विभिन्न क्षेत्रों मे उपलब्धि के लिए डा. एकता यादव, जल संरक्षण जागरूकता के लिए खुशी राम यादव, पूर्व संरपंच कार्टरपुरी यादराम यादव, राज यादव, दलीप सिंह यादव, राजकुमार यादव, डा. मन्दीप यादव, ब्रिगेडियर आर.के. यादव, डा. अनिल यादव, शैलेन्द्र यादव, रिदिमा यादव, नन्दिता यादव, सुरेश यादव, राव चर्तुभुज डेढ़ सौ से अधिक समाज सेवी, रचनाकार, डाक्टर, साहित्यकार,कवि एवं अन्य क्षेत्रों के लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह में दिल्ली के बादली क्षेत्र के विधायक देवेन्द्र यादव भी उपस्थित थे।

रैपको न्यूज दैनिक फरीदाबाद 26 फरवरी 2014

# आल यादव्स एसोसिएशन ने किया डेढ़ सौ लोगों को सम्मानित




(शेष पृष्ठ एक से जारी)

अपनी राजनीतिक संघर्ष की गाथा सुनाते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि कठिन प्रयास के बाद समाज़ के लोगों को एकजुट किया गया। उसी का नतीजा है कि जहां से एक यादव प्रत्याशी विजयी हुआ और मो॰ सहाबुद्दीन जैसे बाहुबली नेता को पराजित करने में सफलता मिली। उन्होंने यादव समुदाय के लोगों में विवाह के लिए रूढ़िवादी परम्पराओं से छुटकारा दिलाने का आह्वान किया।

बिहार सीतामढ़ी से लोकसभा सांसद अर्जुन राय ने अपने संबोधन में बताया कि उनके क्षेत्र में यादव समाज के लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है। लेकिन आपसी एकता का अभाव है। उन्होंने अपने क्षेत्र में यादवों को एकजुट करने का प्रयास किया है। उनका कहना था कि एक मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखते हैं तथा काफी संघर्ष के बाद विधायक, मंत्री एवं सांसद के पद तक पहुँचे हैं। सभा को सम्बोधित करते हुए राजस्थान के पूर्व सांसद डा॰ करण सिंह यादव ने यादव समाज के उत्थान के लिए सभी लोगों को एकजुट होकर आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर सांसद हुकुमदेव नारायण सिंह यादव की धर्मपत्नी सुदेश यादव ने लोगों को संबोधित किया। उनका कहना था कि उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के अधिवक्ता के रूप में सदैव यादव समाज के महिलाओं का सहयोग किया है तथा उन्हें उचित न्याय दिलाने का प्रयास किया है। अवकाश प्राप्त ले॰ जनरल जे.बी.एस. यादव ने कहा कि हमें अपने यादव होने पर गर्व होना चाहिये तथा उन्होंने भी शादी ब्याह इत्यादि में फिज़ूल खर्ची न करने की सलाह दी सथा ही अधिक से अधिक शिक्षण संस्थान की स्थापना करने पर बल दिया। आल यादव्स वेलफेयर एसोसिएशन के आमंत्रण पर वार्षिक समारोह में पहुंची विख्यात पर्वतारोही संतोश यादव ने उन्हें सम्मानित करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिस यादव समाज में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म लेना पड़ा उस समाज में जन्म लेने पर उन्हें बेहद गर्व है। शिक्षा और खेल की दुनिया में यादव समाज के बच्चों को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए उनका कहना था कि हमें अपनी ताकत को पहचान कर उसके अनुरूप कदम उठाने की जरूरत है।

इस अवसर पर सामाजिक विकास में विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से उल्लेखनीय योगदान देने के लिये न्यायधीश एन.एस. राव, प्रो॰ कृष्णा यादव, डा॰ सतीश यादव, चेयरमैन, द्रोणाचार्य ग्रुप आफ इस्टीट्यूशन, अंजनी स्टील के निदेशक गिरधारी यादव, सती राम यादव चेयरमैन, बिट्टू टिक्की वाला, भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारी के.सी. यादव, दिल्ली पुलिस के उपायुक्त एल.एन. राव, गुड़गांव की उप श्रमायुक्त अनुराधा लाम्बा, वरिष्ठ चिकित्सक एवं पुष्पांजली अस्पताल के चेयरमैन डा॰ एस.पी. यादव, एम्स के वरिष्ठ चिकित्सक डा॰ एस.एल. यादव, चिकित्सा अध्यापन के लिये पुरस्कृत डा॰ अजय यादव, आर.पी. यादव, वीर इण्डिया टाइम्स के सम्पादक अजीत वीर यादव, रघुटेक इंजिनियरिंग के डायरेक्टर रघुबीर यादव, पांडियन इंजिनियरिंग कालेज तमिलनाडु के चेयरमैन एस.पी. वर्धराजन, पूर्व उपायुक्त राव अमर सिंह, पूर्व श्रम अधिकारी बी.एस. यादव के साथ कई वरिष्ठ व्यक्तियों को सभा में उपस्थित सांसदों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सम्मानित किया।

विभिन्न क्षेत्रों मे उपलब्धि के लिए डा. एकता यादव, जल संरक्षण जागरूकता के लिए खुशी राम यादव, पूर्व संरपंच कार्टरपुरी यादराम यादव, राज यादव, दलीप सिंह यादव, राजकुमार यादव, डा. मन्दीप यादव, ब्रिगेडियर आर.के. यादव, डा. अनिल यादव, शैलेन्द्र यादव, रिदिमा यादव, नन्दिता यादव, सुरेश यादव, राव चर्तुभुज डेढ़ सौ से अधिक समाज सेवी, रचनाकार, डाक्टर, साहित्यकार,कवि एवं अन्य क्षेत्रों के लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह में दिल्ली के बादली क्षेत्र के विधायक देवेन्द्र यादव भी उपस्थित थे।